बिहार सरकार
बिहार कौशल विकास मिशन
श्रम संसाधन विभाग।

1232
26/10/22

आदेश

राज्य सरकार के 07 निश्चयों में एक "आर्थिक हल, युवाओं को बल" के अधीन Kushal Yuva Programme कार्यक्रम के संचालन हेतु कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों के पंजीकरण की प्रक्रिया जुलाई–2016 में प्रारम्भ की गई, जिसके आधार पर प्रशिक्षण प्रदाता एजेन्सी M/S Sita Infra and Service Pvt. Ltd के द्वारा सहरसा जिला में KYP03020035 संचालित किये जाने हेतु केन्द्र का पंजीकरण किया गया। पंजीकरण के आधार पर इस केन्द्र को बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा अनुमोदित किया गया तथा उपरोक्त KYP Code आवंटित किया गया।

कालान्तर में श्रीमती वंदना कुमारी साह, पति–दिनेश कुमार साह, ग्राम–जढ़ुआ, जिला–वैशाली के द्वारा बिहार कौशल विकास मिशन को एक आवेदन समर्पित किया गया, जिसमें उनके द्वारा उल्लेख किया गया कि श्री प्रकाश कुमार, अध्यक्ष एवं सचिव, M/S Sita Infra and Service Pvt. Ltd द्वारा KYP केन्द्र के सफलतापूर्वक संचालन हेतु उनके साथ 30:70% प्रति माह के हिसाब से द्वितीय पक्ष को देना होगा, के आधार पर समझौता किया गया है। इससे संबंधित हस्ताक्षरित एकरारनामा की प्रति आवेदन के साथ संलग्न की गयी है।

श्रीमती वंदना कुमारी साह से प्राप्त आवेदन के आलोक में बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा श्री प्रकाश कुमार, निदेशक, M/S Sita Infra and Service Pvt. Ltd. से स्पष्टीकरण की माँग की गई। स्पष्टीकरण का जवाब स्पष्ट नहीं होने के कारण मामले की संयुक्त जाँच संबंधित जिले के श्रम अधिक्षक एवं जिला कौशल प्रबंधक से कराया गया। तत्संबंधी प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है। जाँच प्रतिवेदन के अनुसार स्थिति निम्नवत् हैः–

जॉच के दौरान यह पाया गया है कि केन्द्र संचालक श्री प्रकाश कुमार को बार बार बुलाए जाने के वाबजूद वे उपस्थित नहीं हुए। मोबाईल पर सम्पर्क स्थापित करने पर उनके द्वारा बताया गया कि एकरारनामा फर्जी है। परन्तु अपने पक्ष में कहीं गयी बात लिखित रूप से ई–मेल या Whatsapp के माध्यम से भेजने को कहा गया जो कि उनके द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया। जॉच प्रतिवेदन में अंकित किया गया है कि दोनों अपने स्वार्थ के लिए कार्य कर रहे है, अभ्यार्थियों के प्रशिक्षण में इन्हें रूची नहीं है। केन्द्र में अन्तिम प्रशिक्षण माह अक्टूबर 2018 को दिया गया है। अतएव केन्द्र का संचालन दोनों में से किसी को नहीं दिया जाय।

उपरोक्त वर्णित तथ्यों को ध्यान में रखते हुए कुशल युवा केन्द्र KYP Code-KYP03020035 जिला–सहरसा का निबंधन स्थाई तौर पर रद्द किये जाने का आदेश दिया जाता है।

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

26/10/22
अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन

ICDM—...

पटना, दिनांक— 26/10/22

ज्ञापांक—BSDM/SDM-29/2022 (खण्ड—1)— 1232

प्रतिलिपि— M/S Sita Infra and Service Pvt. Ltd को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. श्रीमती वंदना कुमारी साह, पति—दिनेश कुमार साह, ग्राम—जढुआ, जिला—वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. जिला नियोजन पदाधिकारी, सीतामढ़ी/मधेपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. Project Director, MKCL/Project Director, E&Y को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
6. मिशन प्रबंधक (वित एवं लेखा)/मिशन प्रबंधक (कार्यक्रम कियान्वयन)/मिशन प्रबंधक (समन्वय)/SPMU Inchrge, सीतामढ़ी/मधेपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
7. जिला कौशल प्रबंधक, सीतामढ़ी/मधेपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

26/10/22

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन